
जन हितैषी संस्था... पेज 2

आपकी खबरों का संसार...

RNI No.-RJHIN/2015/63826

# अतुल्य संसार

संस्करण: जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in


भारत पहली बार... पेज 3


वर्ष: 10 | अंक: 330 | जयपुर, बुधवार 10 जून, 2026 | मूल्य: 2 रुपए | पृष्ठ: 4


# राजधानी के पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, 8 लोगों की मौत

## झुलसे हुए कई लोगों को गंभीर अवस्था में एसएमएस अस्पताल भर्ती करवाया गया है







**जयपुर।** राजधानी जयपुर के खो नागोरियान इलाके में आज मंगलवार दोपहर के समय एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक घटना में 8 लोगों की मौत हुई है जबकि झुलसे हुए कई लोगों को गंभीर अवस्था में एसएमएस अस्पताल भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री के भीतर काम कर रहे मजदूरों को बाहर निकलने और संभलने का मौका तक नहीं मिल सका। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस, आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाएं और दमकल की गाड़ियां घटना स्थल पर पहुंची। यह एक पटाखा निर्माण इकाई है, इसलिए आग लगने के साथ ही भीतर रखे बारूद और तैयार पटाखों में लगातार सिलसिलेवार धमाके होने की बातें भी सामने आ रही हैं। धमाकों की गूंज और लगातार उठते काले धुएं की वजह से बचाव दल को शुरुआत में परिसर के भीतर दाखिल होने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोग अपनी जान बचाकर सुरक्षित स्थानों की तरफ भागते हुए देखे गए।

### इलाज के दौरान आठ लोगों ने तोड़ा दम

आग लगने से हुए हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। आगजनी की घटना में झुलसे हुए तथा मृतकों को नजदीकी जेएनयू व एसएमएस अस्पताल में ले जाया गया। तीन व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि पांच व्यक्तियों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मरने वालों में पीरजी कॉलोनी ढूंढीयो की ढाणी खोह नागोरियान निवासी मोहम्मद अशरफ (40), मोहम्मद रब्बिल (16) करीम नगर-2 तलाई खोह नागोरियान, अज्ञात, रहीम नगर खोह नागोरियान निवासी अब्दुल वहीद (46) समीर खान (20) बिलाल (28) आजिम (18) और नासिर खान (25) रहीम नगर का रहने वाला है।

### मलबे और धुएं के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन

खो नागोरियान की इस पटाखा फैक्ट्री में लगी आग के बाद सबसे ज्यादा चिंताजनक पहलू वहां काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर बना। जब यह हादसा हुआ तब फैक्ट्री के अंदर कई स्थानीय और प्रवासी मजदूर दैनिक मजदूरी के काम में व्यस्त थे। आग की लपटों ने पूरी बिल्डिंग को देखते ही देखते अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कुछ श्रमिकों के अंदर ही फंसे रह गए। पुलिस और स्थानीय युवाओं की मदद से फैक्ट्री के पिछले हिस्से की दीवारों को तोड़कर वेंटिलेशन बनाई और अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### घटनास्थल की तस्वीर

खो नागोरियान के इस इलाके में लगी आग की विभीषणता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हादसे के बाद उठने वाला काले धुएं का गुबार करीब 2 से 3 किलोमीटर दूर के इलाकों से भी साफ तौर पर आसमान में देखा गया। जयपुर नगर निगम और मुख्य अग्निशमन केंद्र से तुरंत दमकल गाड़ियों को पानी के टैंकरों के साथ मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लगातार पानी और फोम की बौछारें की और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### क्या रही हादसे की वजह

हादसे के सटीक कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर कयास लगाए जा रहे हैं कि शॉर्ट सर्किट या बारूद के रखरखाव में हुई किसी लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ हो सकता है।

## लालचंद सैनी ने किया अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुभाष चंद बुनकर का स्वागत

### सुभाष चंद बुनकर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान एवं भारत का बढ़ाया गौरव



अतुल्य संसार नेटवर्क

**विजयपाल सैनी शाहपुरा ।** कुआलालम्पुर (मलेशिया) में दिनांक 2 से 5 जून 2026 तक आयोजित द्वितीय एशियन पैरा थ्रोबॉल चैम्पियनशिप 2026 में भारतीय टीम के उपकप्तान एवं खेजड़ोली निवासी सुभाष चंद बुनकर (पुत्र जगन लाल बुनकर) के स्वदेश लौटने पर स्थानीय समाजसेवी लालचंद सैनी एवं ग्रामीणजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। परिवारजनों की उपस्थिति में सुभाष चंद बुनकर का साफा एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया तथा उनकी उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सुभाष चंद बुनकर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र, राजस्थान एवं भारत का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के दौरान घीसालाल जिंदल, मोहन सैनी, नरेंद्र सैनी, विकास सैनी सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने सुभाष चंद बुनकर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल जगत में निरंतर सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।


## रिश्वत कांड में राजस्थान सरकार का बडा एक्शन

# राज्य बीज निगम निदेशक को पद से हटाया, घर से मिले थे 1.59 करोड रुपए

**जयपुर।** राजस्थान में नकली बीज प्रकरण और कथित रिश्वतखोरी मामले को लेकर सियासत लगातार गर्माती जा रही है। इसी बीच राजस्थान राज्य बीज निगम लिमिटेड ने बड़ा निर्णय लेते हुए जुगल किशोर विश्नोई को निदेशक पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। निगम ने यह कदम भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई के बाद उठाया है। राजस्थान राज्य बीज निगम की ओर से जारी आदेश के अनुसार हाल ही में एसीबी ने उन्हें भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया है। इसके बाद निगम प्रबंधन ने संस्था की साख, पारदर्शिता और जनविश्वास को बनाए रखने के लिए उन्हें पद से हटाने का निर्णय लिया।

### प्रबंध निदेशक ने मंगलवार को आदेश जारी किया

इस संबंध में राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक श्वेता चौहान ने मंगलवार को आदेश जारी किया। निगम ने अपने बयान में कहा कि संस्था की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। प्रबंधन का मानना है कि सार्वजनिक संस्थाओं में लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए उच्च नैतिक मानकों का पालन आवश्यक है। उधर, एसीबी की जांच में सामने आए तथ्यों ने इस मामले को और गंभीर बना दिया है।



### भांजे के पास मिले लाखों रुपए

सूचना के आधार पर एसीबी टीम ने लूणकरणसर में एक बस को रुकवाकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान भांजे स्वतंत्र विश्नोई के पास से 85 लाख रुपए नकद बरामद किए गए, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद एसीबी ने जुगल किशोर के आवास पर भी कार्रवाई की, जहां से 1.59 करोड़ रुपए बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि नकली बीज मामले में कार्रवाई को प्रभावित करने, प्रयोगशाला से नमूनों को पास करवाने और बीजों की बिक्री दोबारा शुरू कराने के लिए कई स्तरों पर संपर्क साधे गए थे।

### 15 करोड़ रुपए का नकली बीज प्रकरण

आरोप है कि करीब 15 करोड़ रुपए के नकली बीज प्रकरण में कार्रवाई नहीं करने और मामले को प्रभावित करने के बदले रिश्वत ली गई। इसी मामले में एसीबी ने शनिवार को राजस्थान राज्य बीज निगम के निदेशक जुगल किशोर विश्नोई समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया था। सोमवार को एसीबी ने सभी आरोपियों को बीकानेर स्थित विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें पांच दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। जांच एजेंसी के अनुसार उसे सूचना मिली थी कि रिश्वत की राशि में से 90 लाख रुपए जुगल किशोर अपने भांजे स्वतंत्र विश्नोई के माध्यम से श्रीगंगानगर भिजवा रहा है।

## ब्याज माफिया के ठिकाने पर दूसरे दिन भी छापेमारी

### मकान से 6 लाख से अधिक नकदी और सोना-चांदी के आभूषण बरामद

**प्रतापगढ़।** जिले में ब्याज माफियाओं के खिलाफ प्रतापगढ़ पुलिस का अभियान लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। पुलिस ने धोलापानी थाना पुलिस ने गांव सिंघोडिया फला ईंटो का तालाब में दबिश देकर 6 लाख रुपए से अधिक नकदी, सोना-चांदी के आभूषण, वाहन, कृषि यंत्र और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने बताया कि गोपनीय सूचना पर पुलिस टीम गांव सिंघोडिया फला ईंटो का तालाब निवासी नारायणलाल पुत्र कनीराम मीणा के रिहायशी मकान पर पहुंची। पुलिस तलाशी के दौरान नारायणलाल मीणा के मकान से 9 किलो 265 ग्राम चांदी के आभूषण तथा 25 ग्राम सोने के आभूषण बरामद हुए। इसके अलावा आठ मोटर साइकिल, एक मोपेड, पांच ट्रैक्टर और एक पानी का टैंकर भी जब्त किया गया। कृषि उपकरणों में तीन सीड्रिल मशीन, एक मूंगफली निकालने की मशीन, दो प्लेटी प्लो तथा एक प्रेशर मशीन बरामद हुई।

# पूर्व मंत्री महेश जोशी को कोर्ट से बड़ा झटका, 'अवैध गिरफ्तारी' वाली अर्जी खारिज

**जयपुर।** पूर्व मंत्री महेश जोशी का विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम प्रकरण ने प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को 'अवैध' बताते हुए कोर्ट से तुरंत रिहा किए जाने की गुहार लगाई थी। कोर्ट ने अपने विस्तृत आदेश में स्पष्ट किया कि पूर्व मंत्री की गिरफ्तारी में संवैधानिक अधिकारों और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों की सारत: पूरी पालना की गई है। परिजनों को गिरफ्तारी के आधार और हालात की सूचना तकनीकी व मौखिक माध्यमों से समय पर मिल चुकी थी, इसलिए गिरफ्तारी को अवैधानिक नहीं माना जा सकता। पूर्व मंत्री महेश जोशी के अधिवक्ता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश कर तर्क दिया था कि 7 मई को जब उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में 5 दिन के पुलिस रिमांड के लिए पेश किया गया, तो नियमों की अनदेखी की गई। उच्चतम न्यायालय द्वारा विहान कुमार बनाम हरियाणा राज्य में दिए गए अनिवार्य दिशा-निर्देशों के तहत गिरफ्तारी के आधारों की लिखित सूचना और उसकी पावती परिजनों या अधिवक्ता को रिमांड मांगने से पूर्व नहीं दी गई। लिखित सूचना के अभाव में यह गिरफ्तारी पूरी तरह गैर-कानूनी है, इसलिए उन्हें तुरंत रिहा किया जाए।



### मंत्री को चाय-पानी का दिया गया समय -एसीबी

विशिष्ट लोक अभियोजक मंजूला जैन ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह मय टीम पूर्व मंत्री के आवास पर आदेश लेकर पहुंचे, जहां उनके पुत्र रोहित जोशी, पुत्रवधू और बड़ी बहन मौजूद थीं। टीम ने अपना परिचय पत्र दिखाकर महेश जोशी को ब्यूरो मुख्यालय ले जाने की पूरी जानकारी दी। जांच दल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पूर्व मंत्री को दैनिक कार्यों से निवृत्त होने और चाय-पानी के लिए करीब एक घंटे का समय दिया। ब्यूरो मुख्यालय पर विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### व्हाट्सएप कॉल से दी गई सूचना

मंजूला जैन ने बताया कि गिरफ्तारी की सूचना सुबह सामान्य फोन कॉल और फिर रोहित जोशी के मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल के जरिए दी गई। इसके बाद कोर्ट ले जाते समय और कोर्ट परिसर पहुंचने पर भी व्हाट्सएप कॉल से सूचना दी गई, जिसके स्क्रीनशॉट अदालत में पेश किए गए।

### कोर्ट ने क्या कहा?

वहीं विशेष न्यायाधीश राजेश कुमार दड़िया ने पूर्व मंत्री महेश जोशी की तरफ से दिए गए प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए कहा बीएनएसएस की धारा 48 का मुख्य उद्देश्य अभियुक्त के बचाव करने के अधिकार को सुरक्षित करना है। इस मामले में जब कोर्ट में रिमांड पेश किया गया, तब आरोपी के वकील वहां पहले से मौजूद थे और उन्होंने रिमांड पर विस्तृत बहस भी की, जिससे सिद्ध होता है कि परिजनों को समय पर पूरी जानकारी थी।

## अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही की

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**दीपचंद शर्मा डीग।** पुलिस अधीक्षक डीग शरण गोपीनाथ के. के निर्देशन में जिले में अवैध खनन के विरूद्व चलाये जा रहे । ऑपरेशन पृथ्वी के तहत डीग पुलिस के पुलिस थाना सीकरी, क्यूआरटी एवं खनन विभाग ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये अवैध खनन में प्रयुक्त एक पोकलेन मशीन को जप्त कर एक मुलजिम नजीम पुत्र दीन मौहम्मद जाति मेव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चितौडा तह0 फिरोजपुर झिरका जिला नूंह (हरियाणा) को दस्तयाब किया है।

## आदर्श सैनी समाज के गौरव लक्ष्मी नारायण सैनी को उप-अधीक्षक (डीएसपी) शाहपुरा पद पर नियुक्त होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** आदर्श सैनी समाज के गौरव लक्ष्मी नारायण सैनी को उप-अधीक्षक (डीएसपी) शाहपुरा पद पर नियुक्त होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर सैनी समाज के लोगों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बबलू बबेरवाल, अध्यक्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन कोटपूतली एवं जिला अध्यक्ष कोटपूतली–बहरोड़ ने हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी और खुशी जाहिर की। सैनी समाज के लोगों ने इस उपलब्धि को समाज के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 'अधिराज चाहर नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भाग लेंगे'

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**दीपचंद शर्मा भरतपुर।** अधिराज चाहर 23 से 29 जून तक लवली प्रोफेशनल यूनीवर्सिटी जालंधर (पंजाब) में होने वाली पांचवी नेशनल सब जूनीयर (अण्डर–15) बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 67–70 कि.ग्रा. भार वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। अधिराज ने गत माह 22 से 24 मई तक अलवर में आयोजित राजस्थान राज्य स्तरीय सब जूनीयर (अण्डर–15) बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 67–70 कि.ग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। अधिराज चाहर वर्तमान में सैनिक स्कूल चित्तौडगढ कक्षा 9 के छात्र हैं, अप्रेल माह में अधिराज सैनिक स्कूल चित्तौडगढ बॉक्सिंग प्रतियोगिता में ओपन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर बेस्ट बॉक्सर रहे थे। अधिराज के पिता डॉ. राकेश चाहर बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इण्डिया के थ्री स्टार क्वालीफायड रिंग ऑफिशियल हैं वहीं माता नेशनल गोल्ड मैडलिस्ट सहायक उपनिरीक्षक मनीषा चाहर एन.आई.एस. बॉक्सिंग कोच हैं। छोटा भाई देवराज भी बॉक्सिंग खिलाडी है साथ ही सैनिक स्कूल चित्तौडगढ में कक्षा 6 में अध्ययनरत है।

## 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ का प्रचार प्रसार पूरे परवान पर

### गांव गांव व ढाणी ढाणी में टेंपों से किया जा रहा है यज्ञ का प्रचार प्रसार

### झडाया मैं 17 जून से आयोजित होगा 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ




● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** झडाया बजरंग धाम आश्रम पर आयोजित होने वाला 108 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ इस बार का सबसे ऐतिहासिक महायज्ञ होगा द्य यज्ञ को लेकर के यज्ञ समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया भी गांव–गांव व ढाणी ढाणी में यज्ञ का तूफानी प्रचार प्रसार कर लोगों को यज्ञ में आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं द्य यज्ञ सेवा समिति के मीडिया प्रभारी अशोक जांगिड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ता टेंपो के माध्यम से गांव–गांव व ढाणी ढाणी में यज्ञ का प्रचार प्रसार कर रहे हैं द्य इस दौरान शंकर लाल टेंपो वाले, सुभाष यादव, मीडिया प्रभारी अशोक जांगिड़, नवीन गुर्जर ,अंतेश चौधरी आदि मौजूद रहे ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामन

### गिरिराज जी महाराज की सप्तकोसीय परिक्रमा की प्रारंभ, परिक्रमा मार्ग में उमड़ा जनसैलाब, गिरिराज जी महाराज के लगे जयकारे



**दीपचंद शर्मा डीग।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को डीग स्थित श्रीनाथजी मंदिर में सपत्नीक पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद उन्होंने सामान्य श्रद्धालु की तरह 'सात दंडवती' लगाकर ब्रज की पावन धरा पर आराध्य देव गोवर्धन गिरिराज जी महाराज की सप्तकोसीय परिक्रमा प्रारंभ की। परिक्रमा के दौरान मुख्यमंत्री का जगह–जगह स्थानीय नागरिकों, साधु–संतों और श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर सभी से आत्मीयता के साथ रामा–श्यामा की। पूरा परिक्रमा मार्ग 'बोलो गिरिराज महाराज की जय' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इससे पहले गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, डीग–कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगणों ने पूंछरी का लौठा स्थित हैलीपेड पर मुख्यमंत्री की अगवानी की।

# जन हितैषी संस्था सिरोही का हरित संदेश पहुंचा दक्षिण सूडानः विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधारोपण

**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दक्षिण सूडान स्थित भारतीय फील्ड हॉस्पिटल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान के नीमकाथाना निवासी सुमेर कसवा (संजय)ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। संजय कसवा वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत दक्षिण सूडान में भारतीय फील्ड हॉस्पिटल में इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर टेक्नीशियन के रूप में तैनात हैं। वे जन हितैषी संस्था के संस्थापक अनिल फौजी के छोटे भाई हैं तथा संस्था के सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण अभियानों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान संजय कसवा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक



से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में भारतीय फील्ड हॉस्पिटल के कंटिन्जेंट कमांडर Dr. Colonel Nirmalya Bandyopadhyay ने भी जन हितैषी संस्था की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए इस प्रकार के प्रयास समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं तथा लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराते हैं। दक्षिण सूडान में आयोजित यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि भारतीय नागरिक और सैनिक विश्व स्तर पर सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के निर्वहन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। पौधारोपण कार्यक्रम में इण्डियन हॉस्पिटल के अन्दर पदस्थ सभी डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहें।

# जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजनः अभियान के 10 वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न

## चिकित्सा संस्थानों में आयोजित हुए विशेष सत्र

**जयपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने 10 वर्षों का सफर सफलतापूर्वक तय कर लिया है। इस उपलक्ष्य में भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में मंगलवार को विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि सोमवार को चिकित्सा संस्थानों में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के विशेष सत्रों में विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जाँचें की गई। साथ ही मां वाउचर योजना के तहत सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर प्रदान किए गए। एनीमिया उपचार के लिए गर्भवती व धात्री महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन लगाए गए।

शिविरों में भारत सरकार से प्राप्त प्रचार–प्रसार सामग्री डिस्पले की गई। साथ ही जिला और ब्लॉक स्तर पर अभियान की प्रभावी मोनिटरिंग की गई। आरसीएचओ प्रथम डॉ. आशा मीणा और आरसीएचओ द्वितीय डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि अभियान में गर्भवती महिलाओं के रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि




की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत बड़ी कार्रवाईः नाथद्वारा में गांजे के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार, मोटरसाइकिल जब्त

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**नाथद्वारा (राजसमन्द)।** महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत राजसमन्द पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशन में थाना श्रीनाथजी मंदिर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 8 किलो 008 ग्राम अवैध गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल जब्त की है।

### जनता की शिकायत पर बनी विशेष टीम

पुलिस के अनुसार, कस्बा नाथद्वारा में लंबे समय से अवैध मादक पदार्थों की बिक्री को लेकर आमजन से शिकायतें मिल रही थीं। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक एवं वृत्ताधिकारी नाथद्वारा शिप्रा राजावत के सुपरविजन में थानाधिकारी विक्रम सिंह (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

### पुलिस को देख भागने का प्रयास, घेराबंदी कर दबोचा

बीती 8 जून 2026 को टीम जब उपली ओडन से खमनोर जाने वाले रोड पर हनुमानजी मंदिर के पास तलाशी अभियान चला रही थी, तब वहां एक मोटरसाइकिल के पास खड़े तीन युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए चारों तरफ से घेराबंदी कर तीनों को धर दबोचा। जब उनके पास मौजूद थैले और बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें कुल 8 किलो 008 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही गांजा और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (नंबर– आरजे 60 एसके 2180, टीवीएस राइडर) को जब्त कर लिया।



पुलिस गिरफ्त में आए तीनों आरोपी

### गिरफ्तार आरोपियों की पहचानः

उपली ओडन, नाथद्वारा के ही निवासी हैं– हरीश (40 वर्ष), पिता शंकरलाल ओड

देवीलाल (21 वर्ष), पिता मदनलाल गमेती विशाल (25 वर्ष), पिता भागीरथ सेन

### अग्रिम अनुसंधान जारी

थाना श्रीनाथजी मंदिर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 और 8/29 के तहत प्रकरण संख्या 104/2026 दर्ज कर लिया है। मामले की आगे की जांच (अग्रिम अनुसंधान) देलवाड़ा थानाधिकारी श्री भंवर लाल को सौंपी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी यह गांजा कहाँ से लाए थे और किसे सप्लाई करने जा रहे थे।

## आदर्श विद्या मंदिर राजापार्क में मेगा टेलेंट हंट शो 'कलादर्श-1 आज

**जयपुर।** आदर्श विद्या मंदिर राजापार्क में आज बुधवार 10 जून को मेगा टेलेंट हंट शो कलादर्श 1.0 का आयोजन सुबह 9 बजे से किया जाएगा। शिविर की संयोजिका प्रधानाचार्या सुनयना नागपाल ने बताया कि नृत्य, सुगम संगीत, फैशन शो, टी – शर्ट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं में बालक बालिकाएं भाग लेंगे। निदेशिका रीता भार्गव ने बताया कि कार्यक्रम में अशोक परनामी, अजय पाल सिंह और रवि नय्यर बालकों को आशीर्वाद देंगे। समन्वयिका वंदना मेहरोत्रा ने बताया कि कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 11 जून से ग्रीष्म कालीन कौशल शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं 21 जून को शिविर का समापन होगा।

## जेईई एडवांस्ड रिजल्ट्स में अब तक की सर्वाधिक 10107 छात्राएं क्वालीफाई

**कोटा।** देश की आईआईटीज में छात्राओं की संख्या लगातार बढ रही है। जेईई एडवांस्ड 2026 के रिजल्ट्स में इस वर्ष 10 हजार 107 छात्राएं क्वालीफाई हुई हैं जो कि कुल क्वालीफाइड विद्यार्थियों का 17.76 प्रतिशत है। इन क्वालीफाइड छात्राओं की संख्या में बड़ा योगदान एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का भी है, एलन से इस वर्ष 1044 छात्राएं काउंसलिंग के लिए क्वालीफाइ हुई है। यही नहीं एलन कोटा में पढी छात्रा आरोही देशपांडे आल इंडिया रैंक–77 के साथ गर्ल टॉपर रही। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि देश में इंजीनियरिंग एजुकेशन के प्रति छात्राओं का रूझान बढ़ना अच्छे और समृद्ध भविष्य के संकेत हैं। टेक्नीकल फील्ड में छात्राओं के आने से सामाजिक बदलाव आ रहा है। एलन भी छात्राओं में इंजीनियरिंग एजुकेशन के प्रति जागरूकता के लिए पूरी तरह से सक्रिय है। छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है। यही कारण है कि इस वर्ष के परिणामों में इंस्टीट्यूट से 1044 छात्राओं ने क्वालीफाई किया और उम्मीद है इनमें से बड़ी संख्या में छात्राएं आईआईटीज में अध्ययन करेंगी।

## देवेन्द्र प्रताप जाट बने शिक्षक संघ रेसटा के टोंक जिलाध्यक्ष

**जयपुर।** शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान के प्रदेश प्रवक्ता राजीव चौधरी ने बताया कि संगठन के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने प्रदेश महामंत्री नवल सिंह मीना एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर विश्नोई की अनुशंसा पर राजकीय स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल टोडारायसिंह में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक देवेंद्र प्रताप जाट को संगठन का टोंक जिलाध्यक्ष नियुक्त करते हुए 15 दिवस में जिला एवं ब्लॉक कार्यकारणी गठन के निर्देश दिए है।

# जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन

## अभियान के 10 वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न, चिकित्सा संस्थानों में आयोजित हुए विशेष सत्र

**जयपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने 10 वर्षों का सफर सफलतापूर्वक तय कर लिया है। इस उपलक्ष्य में भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में मंगलवार को विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि सोमवार को चिकित्सा संस्थानों में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के विशेष सत्रों में विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जाँचें की गई। साथ ही मां वाउचर योजना के तहत सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर प्रदान किए गए। एनीमिया उपचार के लिए गर्भवती व धात्री महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन लगाए गए। शिविरों में भारत सरकार से प्राप्त प्रचार–प्रसार सामग्री डिस्पले की गई। साथ ही जिला और ब्लॉक स्तर पर अभियान की प्रभावी मोनिटरिंग की गई।




आरसीएचओ प्रथम डॉ. आशा मीणा और आरसीएचओ द्वितीय डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि अभियान में गर्भवती महिलाओं के रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया।

# भारत ने पहली बार 12 परमाणु बम तैनात किए

## 2 साल में देश के एटमी हथियार 180 से बढकर 190 हुए, पाकिस्तान से 20 ज्यादा

**नई दिल्ली।** भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार मोर्चे पर तैनात किए हैं। देश का परमाणु हथियारों का भंडार भी 180 से बढ़कर 190 हो गया है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट में यह बताया गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2025 में भारत ने एक भी परमाणु हथियार तैनात नहीं किया था, लेकिन 2026 में 12 की तैनाती की है। पाकिस्तान के परमाणु हथियारों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। उसके पास अभी 170 परमाणु हथियार हैं। उसके कितने हथियार तैनात हैं, यह स्पष्ट नहीं है। रूस-अमेरिका की तरह भारत अपने परमाणु हथियारों की सटीक संख्या, क्षमता और नाम आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं करता। SIPRI और दूसरी संस्थाएं केवल अनुमान के आधार पर रिपोर्ट जारी करती हैं।

### दुनिया के 9 देशों के पास कुल 12,187 परमाणु हथियार

**SIPRI** इयरबुक 2026 के अनुसार दुनिया एक नए परमाणु प्रतियोगिता के दौर में पहुंच रही है। अमेरिका, रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान समेत सभी परमाणु संपन्न देश अपने हथियारों और डिलीवरी सिस्टम को तेजी से अपग्रेड कर रहे हैं। 2026 की शुरुआत में दुनिया के 9 देशों अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल के पास कुल 12,187 परमाणु हथियार हैं। इसमें से 9,745 परमाणु हथियार सेना के भंडार गृह में हैं, जो इस्तेमाल के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### भारत की कोशिश- चीन के आखिरी छोर तक पहुंचने वाले हथियार बनाए

भारत लंबी दूरी के ऐसे हथियार बनाने पर फोकस बढ़ा रहा है, ताकि उनकी पहुंच चीन के आखिरी छोर तक हो सके। दरअसल, भारत एक साथ चीन और पाकिस्तान दोनों मोर्चों पर संतुलित रणनीतिक क्षमता बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। 2020 की हिंसक गलवान झड़प के बाद भारत-चीन सीमा पर भारतीय सैन्य निगरानी भी बढ़ी है। भारत नए परमाणु डिलीवरी सिस्टम पर भी काम कर रहा है। इनमें सबसे अहम है **MIRV** तकनीक यानी मल्टीपल इंडिपेंडेन्टली टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल। इस तकनीक के जरिए एक ही बैलिस्टिक मिसाइल कई परमाणु हथियार ले जा सकती है और अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बना सकती है।





### रिपोर्ट के 3 पॉइंट्स जो भारत से जुड़े

**दुनिया का 5वां सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश:** 2025 में भारत का रक्षा खर्च 92.1 अरब डॉलर पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 8.9 प्रतिशत अधिक है। रक्षा खर्च के मामले में भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, रूस और जर्मनी हैं।

**दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयात करने वाला देश:** 2021-25 के दौरान भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक भी रहा। वैश्विक हथियार आयात में भारत की हिस्सेदारी 8.2% रही। यूक्रेन, भारत, सऊदी अरब, कतर और पाकिस्तान की संयुक्त हिस्सेदारी 35% रही।

**अमेरिका-रूस के पास दुनिया के करीब 86% परमाणु हथियार:** दोनों देश बड़े स्तर पर परमाणु आधुनिकीकरण कार्यक्रम चला रहे हैं। चीन का परमाणु भंडार भी बढ़कर 600 से 620 हथियारों तक पहुंच गया है। भारत के पास 190, पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं।

### समुद्र में भी बढ़ी परमाणु ताकत

रिपोर्ट में भारत की समुद्री परमाणु क्षमता को भी बेहद महत्वपूर्ण बताया गया है। भारत की परमाणु पनडुब्बियां, खासकर **INS** अरिहंत, अब देश की 'सेकेंड स्ट्राइक कैपेसिटी' का बड़ा आधार बन रही हैं। **SIPRI** का अनुमान है कि भारत अब शांति काल में भी सीमित संख्या में परमाणु हथियारों को बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों पर तैनात करने लगा है। इससे दुश्मन के पहले हमले के बाद भी जवाबी कार्रवाई की क्षमता बनी रहती है।

### रिपोर्ट में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के कई हिस्सों में अब भी बड़े युद्ध छिड़ने का खतरा बना हुआ है। मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ दिनों तक सैन्य टकराव हुआ था। इस दौरान भारत ने पाकिस्तान के कुछ हवाई और मिसाइल ठिकानों पर हमला किया, जिनके पाकिस्तानी परमाणु कार्यक्रम से जुड़े होने की आशंका थी। हालांकि, दोनों देशों ने हालात को और गंभीर होने से रोक लिया था। रिपोर्ट में जिक्र है कि भारत और पाकिस्तान ने पहली बार किसी सैन्य संघर्ष के दौरान खुले तौर पर साइबर अटैक और डिजिटल ऑपरेशन्स का इस्तेमाल किया। भारत ने इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया था। जो 7 से 10 मई 2025 तक चला। इन 2 देशों के अलावा, दुनिया में संघर्ष प्रभावित देशों की संख्या में मामूली कमी आई है। 2024 में 50 देशों में संघर्ष चल रहे थे, जबकि 2025 में यह संख्या घटकर 49 रह गई।

### परमाणु हथियार रिटायर करने वाले 3 देश

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका, रूस और फ्रांस सिर्फ तीन देशों ने परमाणु हथियारों को रिटायर किया है। अमेरिका ने कुल 1342, रूस ने 1020 और फ्रांस ने 80 हथियारों को बेड़े से बाहर किया है। इजराइल के पास 90 हथियार हैं। इसमें कोई बढ़ोतरी या कमी नहीं की गई है।

## इंडिया-ए ने श्रीलंका-ए को ट्राई सीरीज का पहला वनडे हराया

### 49वें ओवर में श्रीलंका के 3 विकेट गिरे: टीम इंडिया 8 रन से जीती



**नई दिल्ली।** इंडिया-ए ने ट्राई सीरीज के पहले वनडे में श्रीलंका-ए को 8 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया-ए ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 277 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका-ए की टीम 48.5 ओवर में 269 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका को आखिरी दो ओवर में 10 रन चाहिए थे और 3 विकेट बचे थे। लेकिन, 49वें ओवर में अरशद खान ने दो विकेट लेने के साथ एक रनआउट कराकर श्रीलंका की पारी को समेट दिया।

### गायकवाड ने शतक लगाया, तिलक की फिफ्टी

दांबुला स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 277 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड ने 101 रन की शतकीय पारी खेली। जबकि कप्तान तिलक वर्मा ने 60 रन का योगदान दिया। **IPL**-2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी 14 रन ही बना सके। श्रीलंकाई टीम की ओर से मोहम्मद शिराज ने 2 विकेट झटके।

## रोहित-हार्दिक ने फिटनेस टेस्ट पास किया

### अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलेंगे; कोहली पहले ही बाहर हो चुके



**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच शनिवार से शुरू होने वाली 3 वनडे मैचों की सीरीज में रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या भी खेलेंगे हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक दोनों ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। वे जल्द ही टीम के साथ जुड़ेंगे। हाल ही में हुए आईपीएल के दौरान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझ रहे थे। वहीं हार्दिक पंड्या बैक स्पाज्म की वजह से परेशान थे। दोनों मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए चोटिल हुए थे। रोहित-हार्दिक को वनडे सीरीज के लिए सब्जेक्ट टू फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया था।

# एमपी- कांग्रेस राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज

## कांग्रेस बोली-फैसले के खिलाफ कोर्ट जाएंगे, विधायकों को लेकर बेंगलूरू जा रहा विमान रनवे से लौटा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की तीसरी राज्यसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज कर दिया गया है। बीजेपी की आपत्ति पर मंगलवार को रिटर्निंग ऑफिसर ने ये फैसला लिया है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, अब तीनों सीटों पर भाजपा कैंडिडेट निर्विरोध हैं। भाजपा का आरोप था कि मीनाक्षी ने तेलंगाना की हैदराबाद कोर्ट में लंबित एक मामले की जानकारी नामांकन पत्र में छिपाई है। पर्यवेक्षक ने कारण बताओ नोटिस जारी कर आज शाम तक जवाब मांगा था। इधर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मीनाक्षी के खिलाफ कोई आपराधिक प्रकरण नहीं है। उन्हें कोर्ट से केवल एक नोटिस मिला था। नामांकन रद्द होने के फैसले के खिलाफ हम अदालत जाएंगे। उधर, दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल भारत निर्वाचन आयोग के लिए पहुंचा है। इस सबके बीच कांग्रेस अपने विधायकों को बेंगलुरु शिफ्ट कर रही थी। लेकिन मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने की जानकारी मिलते ही कांग्रेस विधायकों को लेकर जा रहा विमान रनवे से लौट आया।



### पहले विमान को उड़ने की परमिशन नहीं मिली थी

इससे पहले कांग्रेस ने बाड़ाबंदी करते हुए पार्टी विधायकों को बेंगलुरू भेजने का फैसला लिया था। स्टार एयरलाइंस की चार्टर्ड फ्लाइट दोपहर करीब ढाई बजे भोपाल एयरपोर्ट पर पहुंची। लेकिन एयरपोर्ट अथॉरिटी ने कांग्रेस विधायकों के विमान को उड़ने की परमिशन देने से मना कर दिया था। उनका कहना था कि फ्लाइट को देश में उड़ने की अनुमति नहीं है। इस पर पार्टी के सीनियर लीडर सज्जन सिंह वर्मा ने कहा था- सरकार के इशारे पर हमारे विमान को बेवजह रोका जा रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी पर मोहन सरकार का दबाव है। उनका कहना है कि आपकी ये फ्लाइट विदेश जा सकती है लेकिन देश के अंदर उडान नहीं भर सकती। कितनी मूर्खतापूर्ण बात है कि जो फ्लाइट दिल्ली से भोपाल आ सकती है, वो बेंगलुरू नहीं जा सकती। करीब दो घंटे की जद्दोजहद के बाद कांग्रेस की चार्टर्ड फ्लाइट को उडान के लिए परमिशन मिली। शाम करीब साडे 6 बजे विमान ने बेंगलुरू के लिए उडान भरी। इसमें 38 विधायकों के साथ 75 लोग थे लेकिन यह रनवे से ही लौट आया।

# मानसून ने 16 राज्य कवर किए, आज मुंबई पहुंचेगा:यूपी के उन्नाव में पेड उखडे

### कर्नाटक में गाडियां बहीं; एमपी राजस्थान में आंधी-बारिश का अलर्ट

**भोपाल/लखनऊ/जयपुर/पटना।** मानसून 6 दिन में 16 राज्यों तक पहुंच गया है। मंगलवार को मानसून ने पश्चिम बंगाल में एंट्री की। फिलहाल यह मुंबई से करीब 150 किमी दूर है और अगले 48 घंटे में शहर में दस्तक दे सकता है। वहीं, अगले सप्ताह तक यह गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और ओडिशा तक पहुंच सकता है। मानसूनी हवाओं के असर से कई मैदानी राज्यों में गर्मी कम हुई है। साथ ही प्री-मानसून के कारण कई जगह 50-60किमी. रफ्तार से आंधी और तेज बारिश हो रही है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में मंगलवार को आंधी से कई जगह पेड़ उखड़ गए। केरल और कर्नाटक में पिछले 4 दिनों से लगातार बारिश जारी है। मंगलवार को बेंगलुरु और बेलगावी में भारी बारिश के बाद कई सड़कों पर पानी भर गया। कुछ जगहों पर गाड़ियां पानी में बहती नजर आईं। इधर, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में गर्मी का असर बना हुआ है। कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। सोमवार को श्रीगंगानगर का अधिकतम तापमान 45.6डिग्री दर्ज किया गया।



### मानसून अपडेट...

केरलम में मानसून 4 जून को पहुंचा था। सोमवार को मानसून ने तेलंगाना में एंट्री की थी। इससे पहले रविवार को मानसून त्रिपुरा, असम, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड तक पहुंचा था। ओडिशा, छत्तीसगढ़ में भी अगले कुछ दिनों में मानसून पहुंच सकता है। पश्चिमी तट पर मानसून अब मुंबई से करीब 150ह्यद्व दूर है। अगले 48 घंटे में इसके मुंबई पहुंचने की संभावना है। मुंबई में मानसून के पहुंचने की सामान्य तारीख 10 जून है।

### अगले दो दिन के मौसम का हाल

**10 जून:** बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों में बारिश के साथ आंधी-तूफान का अनुमान है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट के रिटायर जज का दावा-पूरा परिवार खतरे में

## लंदन में बेटी पर हमला हुआ; दाउदी बोहरा उत्तराधिकार केस में फैसला देने से जुड़ा है मामला



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस गौतम पटेल का दावा है कि उन्हें और उनके परिवार को पिछले करीब 10 महीनों से धमकियां मिल रही हैं। पूर्व जज का दावा है कि यह घटनाएं 2024 में दाऊदी बोहरा समुदाय के उत्तराधिकार विवाद पर दिए गए उनके फैसले से जुड़ी हैं। जज से मांग की जा रही है कि वे एक वीडियो रिकॉर्ड करके अपना फैसला वापस लें और दावा करें कि उन्हें यह ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया। बार एंड बेंच और इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस पटेल ने अगस्त 2024 में दाऊदी बोहरा समुदाय के उत्तराधिकार विवाद पर फैसला सुनाया था। उन्होंने सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को दाऊदी बोहरा समुदाय का वैध 53वां दाई-अल-मुतलक घोषित किया था। यह विवाद उनके सौतेले भाई खुजैमा कुतुबुद्दीन और बाद में उनके बेटे ताहिर फखरुद्दीन की ओर से दायर दावों से जुड़ा था। फैसला आने के कुछ समय बाद से ही जस्टिस पटेल और उनके परिवार को धमकी भरे संदेश मिलने शुरू हो गए थे। सितंबर 2025 में एक लेटर भेजकर उनसे फैसले को वापस लेने और सार्वजनिक रूप से उसे गलत बताने की मांग की गई थी।

### बेटी पर लंदन में 2 महीने पहले हमला, अब लेटर मिला

जस्टिस पटेल की बेटी अदिति पर 22 अप्रैल 2026 को लंदन में हमला किया गया। वह अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर लौट रही थीं, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में उनकी नाक की हड्डी टूट गई। यूके पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और पहले मिली धमकियों से जुडे कनेक्शन की भी पड़ताल कर रही है। रिटायर जस्टिस के मुताबिक 5 जून को उनकी बेटी अदिति पटेल को फिर से एक गुमनाम पत्र मिला। इस पत्र में कहा गया था कि अगर जस्टिस पटेल यूट्यूब वीडियो के जरिए 23 अप्रैल 2024 के अपने फैसले को सार्वजनिक रूप से वापस नहीं लेते हैं तो उनके परिवार का अंतिम संस्कार करवाया जाएगा। लेटर के साथ एक स्ष्ठ कार्ड भी था। यह भी कहा गया था कि इसके लिए गैंग को काम पर रखा गया है।

# अमेरिका बोला- ईरान से समझौता हमारी बड़ी जीत

## हम अपना फायदा पहले देखेंगे, चाहे इजराइल को पसंद आए या नहीं



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच होने वाला समझौता अमेरिकी जनता के लिए बड़ी जीत होगी, चाहे इजराइल को यह पसंद आए या नहीं। वेंस ने दोहराया कि इस मामले में अमेरिका अपना हित सबसे पहले रखेगा, चाहे इजराइल इस समझौते का समर्थन करे या नहीं। फॉक्स न्यूज से बातचीत में वेंस ने कहा कि अमेरिका और इजराइल कई मुद्दों पर साथ हैं, लेकिन हर मामले में दोनों की राय एक जैसी नहीं होती। उन्होंने कहा कि अमेरिका का सबसे बड़ा मकसद यह है कि ईरान कभी परमाणु हथियार न बना सके। वेंस ने दावा किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प की लीडरशिप में ऐसा समझौता तैयार किया जा रहा है जो 2015 में बराक ओबामा के समय हुए समझौते से ज्यादा मजबूत होगा। उनके मुताबिक नए समझौते में सख्त जांच होगी, जिससे यह देखा जाएगा कि ईरान अपने वादे निभा रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका किसी भी बात पर सिर्फ भरोसा नहीं करेगा, बल्कि हर दावे की जांच करेगा। इसी वजह से नए समझौते में निगरानी पर खास जोर दिया गया है। वेंस ने यह भी कहा कि उनके हिसाब से ईरान अब युद्ध जारी नहीं रखना चाहता और बातचीत के जरिए समाधान चाहता है। इसलिए वह अमेरिका के सामने नए प्रस्ताव रख रहा है।

# 8 दिन अवैध हिरासत में रखा, 2 लाख मुआवजा दो

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा आदेश, प्रयागराज में एसीपी की सैलरी से कटेगा जुर्माना

**प्रयागराज।** 'नागरिकों की व्यक्तिगत आजादी सबसे ऊपर है। किसी भी निर्दोष को बिना वैधानिक प्रक्रिया के जेल नहीं भेजा जा सकता।' यह बात इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली में शांति भंग की धाराओं के दुरुपयोग पर कही। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने मंसूर अहमद उर्फ लल्लू की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने पाया कि मंसूर को 8 दिन तक अवैध रूप से न्यायिक हिरासत में रखा गया। इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन मानते हुए कोर्ट ने यूपी सरकार को पीड़ित को 2 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश दिया। यह राशि राज्य सरकार को 6 सप्ताह के भीतर अदा करनी होगी। हाईकोर्ट ने कहा- एसीपी बारा और विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने बीएनएसएस की धाराओं 170, 126 और 135 का घोर उल्लंघन किया। व्यक्ति को केवल शांति बनाए रखने के लिए व्यक्तिगत बंधपत्र देने का अवसर दिया जाना चाहिए था। लेकिन, उसे सीधे जेल भेज दिया गया। जांच कर जुर्माने की राशि एसीपी वेद व्यास मिश्रा के वेतन से काटी जाए। वेद व्यास अभी भी प्रयागराज में ही तैनात हैं।

### कोर्ट ने गाजियाबाद मामले का हवाला दिया

हाईकोर्ट ने अपने हालिया निर्णय का उल्लेख किया। कहा कि गाजियाबाद कमिश्नरेट में भी इसी प्रकार की कार्रवाई पर सवाल उठाए गए थे। उस फैसले में कोर्ट ने निर्देश दिया था कि ऐसे मामलों में केवल व्यक्तिगत बंधपत्र लिया जाए। गैरजरूरी हिरासत से बचा जाए। 24 घंटे से ज्यादा अवैध हिरासत होने पर प्रतिदिन 25 हजार रुपए मुआवजा दिया जाए। हाईकोर्ट ने साफ किया कि मुआवजा देने के बाद राज्य सरकार एसीपी बारा के खिलाफ विभागीय जांच कराएगी।

# एक हादसे ने तबाह कर दी कई जिंदगियां...

# डर और अवसाद से अब भी नहीं उबर पाए लोग

**अहमदाबाद।** काली पड़ चुकी जमीन, जले हुए पेड़ और मेडिकल हॉस्टल की खंडहर हो चुकी दीवारें...। यहां की जर्जर खिड़कियां और सीमेंट के पिलर आज भी एक साल पहले हुए उस भयावह विमान हादसे की गवाही देते हैं। इस हादसे की चपेट में सिर्फ विमान के यात्री ही नहीं आए, बल्कि क्रैश साइट के आसपास मौजूद कई राहगीर और स्थानीय लोग भी इसके शिकार बन गए थे। धमाका इतना जबरदस्त था कि इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के दफ्तर के बाहर एक शव का सिर और कोने में विमान का एक पंख (विंग) आकर गिरा। तीव्रता का अंदाजा इस बात से लगाइए कि वहां से बुलेट पर गुजर रहा एक युवक आग की लपटों से इस कदर झुलसा कि बाइक समेत करीब 10 फीट दूर जा गिरा। हादसे को पूरा एक साल होने आया है, लेकिन आसपास रहने वालों के दिलो-दिमाग से वो मंजर आज भी ओझल नहीं हुआ है। वहां आज आप जिससे भी बात करें, हर शख्स इस बात के लिए भगवान का शुक्रिया अदा करता है कि उसकी जान बच गई।



### क्या हुआ था उस दिन?

पिछले साल 12 जून को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद, एयर इंडिया का बोइंग एआई171 विमान सिविल अस्पताल के मेडिकल हॉस्टल के पीछे एक भीषण धमाके के साथ क्रैश हो गया। विमान में एक लाख लीटर से ज्यादा ईंधन था, जिसकी वजह से आग ने विकराल रूप ले लिया और 6 मेडिकल हॉस्टल, एक केंटीन और आईसीएमआर की बाउंड्री वॉल इसकी चपेट में आ गए।

### दहल गए थे वैज्ञानिक

जिस वक्त यह हादसा हुआ, आईसीएमआर के वैज्ञानिक लंच कर रहे थे। अचानक हुए धमाके से सब सहम गए और मुख्य दरवाजे की तरफ भागे। बाहर का नज़ारा बेहद विचलित करने वाला था। चारों तरफ मानव अंग बिखरे पड़े थे। ऐसे में वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने हिम्मत दिखाई। उन्होंने पहले महिला कर्मचारियों को सुरक्षित रूप से पीछे के रास्ते बाहर निकाला और फिर खुद क्रैश साइट पर पहुंचे। शवों को बाहर निकाल रहे लोगों की मदद के लिए वैज्ञानिकों ने तुरंत मेडिकल ग्लव्स उपलब्ध कराए ताकि संक्रमण या कोई और नुकसान न हो। संस्थान में करीब 150 लोग काम करते हैं और वे सभी इस बात के लिए ईश्वर के आभारी हैं कि उनका पूरा स्टाफ सुरक्षित रहा।

### रेस्क्यू ऑपरेशन और स्थानीय लोगों की मदद

हादसे के तुरंत बाद आसमान में ज्वालामुखी जैसा आग का गोला और धुएं का गुबार छा गया था। सबसे पहले एयरपोर्ट के फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत केमिकल स्नो फोम का इस्तेमाल किया, जिससे ईंधन के ऊपर एक सफेद परत बन गई और आग पर काबू पाया जा सका। इसके बाद 108 एम्बुलेंस, गुजरात पुलिस, स्टेट रिजर्व पुलिस, सीआईएसएफ और सिविल अस्पताल का स्टाफ राहत कार्य के लिए वहां पहुंचा। पास ही रहने वाले रेलवे ठेकेदार किशोर ठाकुर ने बताया कि वे हादसे से चंद मिनट पहले घटनास्थल से कुछ दूरी पर चाय पी रहे थे। धमाका देखकर वे अपने साथियों के साथ घोड़ा कैंप की तरफ भागे। उस वक्त सीआईएसएफ की टीमें अंदर आने का रास्ता ढूंढ रही थीं, तब किशोर और उनके दोस्तों ने ही उन्हें दूसरे रास्ते से कैंपस के भीतर दाखिल कराया।

### काश! तू मर जाती तो मुआवजा मिल जाता

क्रैश साइट पर आज भी पिघले हुए एल्युमिनियम के टुकड़े बिखरे मिल जाते हैं। वहां प्लास्टिक बीनने वाली एक महिला ने बताया कि उस दिन वह पानी पीने के लिए एक चाय की दुकान पर चली गई थी, वरना वह भी जिंदा नहीं बचती। शराबी पति और बेटे से परेशान इस महिला ने रुआंसे मन से कहा कि उसका पति अब उसे ताना मारता है कि—अच्छा होता तू भी हादसे में मर जाती, कम से कम एक करोड़ रुपये का मुआवजा तो मिल जाता।


### मानसिक आघात से उबरने की कोशिश

आईसीएमआर एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑक्युपेशनल हेल्थ के निदेशक व साइंटिस्ट डॉ. जी. भावेश मोदी ने बताया, हमारा संस्थान लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर रिसर्च करता है। हादसे के बाद आईसीएमआर के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाले परिवारों और बच्चों के मन में एक गहरा डर बैठ गया था। उन्होंने कहा, सिविल अस्पताल प्रबंधन के साथ मिलकर हमने डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों को इस अवसाद (ट्रॉमा) से बाहर निकालने का काम किया। मृतकों की आत्मा की शांति और कर्मचारियों के मन से डर दूर करने के लिए परिसर में बकायदा हवन और यज्ञ भी कराया गया।

# प्रति व्यक्ति सुरक्षा खर्च 1% बढ़ा, तो क्राइम 0.36% घटाः एसबीआई की 28 राज्यों पर स्टडी, जहां सीसीटीवी ज्यादा, वहां अपराध कम

**नई दिल्ली।** देश की अर्थव्यवस्था और अपराध में गहरा रिश्ता है। अपराध में महज 1% की कमी से अल्पकाल में वास्तविक जीडीपी (विकास दर) 0.11% और दीर्घकाल में 0.133% तक बढ़ जाती है। एसबीआई रिसर्च ने देश के 28 राज्यों की स्टडी के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है। जब सरकार प्रति व्यक्ति के हिसाब से अपने सुरक्षा खर्च में 1% की बढ़ोतरी करती है, तो उस राज्य में अपराध दर लगभग 0.36% घट जाती है। मतलब ये है कि सुरक्षा पर जितना ज्यादा खर्च होगा, जुर्म उतना ही कम होगा। वहीं, जिन शहरों में सीसीटीवी कैमरों से जितना ज्यादा इलाका कवर किया गया है, वहां अपराध अपेक्षाकृत कम है। महिला के खिलाफ अपराध जहां जितने ज्यादा हैं, वहां वर्कफोर्स में उनकी हिस्सेदारी कम है।

### पिछले वर्ष की तुलना में अपराध 6.0% कम




2024 में देश में कुल 58.86 लाख संज्ञेय (हत्या, दुष्कर्म आदि) अपराध दर्ज हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.0त्न कम हैं। अखिल भारतीय अपराध दर प्रति लाख आबादी पर वर्ष 2023 के 448.3 से गिरकर 2024 में 418.9 हो गई है। राज्यों में केरल में प्रति लाख आबादी पर सबसे अधिक 1,389 संज्ञेय अपराध दर्ज किए गए। नगालैंड में प्रति लाख आबादी पर सबसे कम 61.6 अपराध दर्ज किए गए। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 1.5% की गिरावट आई है, जो 2023 के 4.48 लाख मामलों से घटकर 2024 में 4.41 लाख रह गए। अपराध में इस गिरावट से भी अर्थव्यवस्था को सहारा मिला है। ये आंकड़े दिखाते हैं हरियाणा, बिहार, पंजाब और बंगाल जैसे राज्य महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में राष्ट्रीय औसत (64.6) ऊपर चल रहे हैं। इससे वहां महिला श्रम बल भागीदारी पर नकारात्मक असर पड़ा है। राजस्थान अपवाद है, जहां क्राइम रेट ज्यादा, फिर भी महिला वर्कफोर्स 50त्न+ पर है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के आंकड़ों का अनुमान कहता है कि घरेलू हिंसा के कम से कम 5.94 लाख मामले पुलिस के पास पहुंचने चाहिए थे। लेकिन, एनसीआरबी के रिकॉर्ड में पति या रिश्तेदारों की क्रूरता के केवल 1.21 लाख पीड़ित ही दर्ज हुए। 80% मामले गायब- इसका मतलब यह हुआ कि पुलिस के संपर्क में आने वाले संभावित मामलों में से केवल 20.4% ही कागजों पर दर्ज हो पाए।

**बंगाल का अलग उदाहरण:** इसका लापता बच्चों में राष्ट्रीय हिस्सा 16.11% और हिंसक अपराधों में हिस्सा 14.45% है। लेकिन चोरी या सेंधमारी आदि के आंकड़े कम दर्ज हैं यानी कई मामले दर्ज ही नहीं कराए गए।

# कश्मीर में जोजिला टनल के दोनों छोर आपस में जुड़ेः दुनिया की सबसे लंबी सिंगल ट्यूब टनल

## कश्मीर से लद्दाख डेढ़ घंटे की जगह 15 मिनट में पहुंचेंगे

**लद्दाख।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच बन रही जोजिला टनल की खुदाई मंगलवार को पूरी हो गई। टनल के बीच 2.5 मीटर के ब्लॉक को ब्लास्ट करके हटा दिया गया। इसके साथ ही टनल के दोनों छोर आपस में जुड़ गए। 13.15 किमी लंबाई वाली यह दुनिया की सबसे लंबी सड़क टनल है। जिसमें एक ही सुरंग से दोनों डायरेक्शन में गाड़ियां चल सकेंगी। यह टनल जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की ऑल वैदर कनेक्टिविटी बनाए रखेगी। सुरंग को फरवरी 2028 तक चालू कर दिया जाएगा। यह सुरंग मध्य कश्मीर के बालटाल (गांदरबल) को लद्दाख के द्रास जिले के मिनीमार्ग से जोड़ेगी।



इसके साथ लगभग 18किमी की एप्रोच रोड भी बनाई जा रही है। पहले इस हिस्से को पार करने में 1 से 1.5 घंटे लगते थे, वहीं टनल शुरू होने के बाद यह सफर करीब 15 मिनट में पूरा हो सकेगा। ब्लास्ट के लिए पहुंचे केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा- यह आधुनिक टनल है, इसे पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से तैयार किया जा रहा है।

### अधिकारियों के अनुसार, टनल का लगभग 80% काम हो गया

करीब 11,578 फीट की ऊंचाई पर बन रही इस टनल की लागत लगभग 6,500 करोड़ है। अधिकारियों के अनुसार, टनल का लगभग 80% काम हो गया है। यह टनल 9.5 मीटर चौड़ी और 7.57 मीटर ऊंची है। यह 31 किलोमीटर लंबी परियोजना का मुख्य हिस्सा है, जिसमें सोनमर्ग से मिनीमार्ग तक एप्रोच रोड और पुल भी शामिल हैं। इस परियोजना का निर्माण मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफास्ट्रक्चर्स लिमिटेड कर रही है।

### तय समय से छह महीने पहले पूरा हो गया टनल काम

**MEIL** ने नेशनल हाईवेज एंड इंफास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन से यह प्रोजेक्ट हासिल किया और अक्टूबर 2020 में टनल का काम शुरू किया। **NHIDCL**के अधिकारियों ने बताया कि यह काम तय समय से छह महीने पहले ही पूरा हो गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, वह एडवांस्ड न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड का इस्तेमाल करके सुरंग बना रही है, जिसे पहाड़ी इलाकों में इंफास्ट्रक्चर के मामले में भारत की सबसे अहम इंजीनियरिंग उपलब्धियों में से एक माना जाता है। पिछले पांच सालों में, इस साइट पर बर्फ खिसकने (एवलांच) की पांच घटनाएं हुई हैं। इनमें जनवरी 2023 की एक गंभीर घटना भी शामिल है, जब भारतीय सेना ने इलाके में फंसे 172 मजदूरों को बचाया था। गडकरी ने कहा- आज भारत के इंफास्ट्रक्चर के इतिहास में एक सुनहरा दिन है। मुझे खुशी है कि 14 किलोमीटर लंबी, अत्याधुनिक और दुनिया की सबसे लंबी यह टनल जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए लाइफलाइन बनेगी।

# मणिपुर गांवों में सुरक्षा बलों की एंट्री पर नई शर्त

## विलेज अथॉरिटी को पहले खबर देनी होगी; नगा गांव में हमले के बाद बढ़ा तनाव

**इम्फाल।** रविवार को उखरुल जिले के शोक्वाओ और न्यू हेवन इलाके में महिलाओं ने असम राइफल्स के जवानों को आगे बढ़ने नहीं दिया वे मशाल लेकर विरोध करती रहीं। मणिपुर में 3 साल से जातीय हिंसा चल रही है। राज्य में पूरी तरह शांति नहीं है। सोमवार को कांगपोकपी जिले के पोंग्रिंगलॉन्ग रोंग्मेई नगा गांव में कुकी उग्रवादी संगठन ने गोलीबारी की। इस घटना के बाद लापता चुन्जांग्लुंग पान्मेई नाम के नगा विलेज गार्ड का शव जंगलों से मिला है। उसके सिर पर गोली मारी गई थी। नगा समूहों का आरोप है कि केंद्र कुकी समूहों का इस्तेमाल शैडो वॉर (छाया युद्ध) के तौर पर कर रहा है। इसके अलावा चिंग मामांग गांव में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी की, जिसमें एक घायल हुआ है। नगा संगठनों ने सुरक्षा बलों पर पक्षपात का आरोप लगाया है। साथ ही निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस बीच, नोने जिले के लोंग्जांग/ठंगाल गांव की विलेज अथॉरिटी ने राज्य पुलिस, असम राइफल्स, सीआरपीएफ को नोटिस दिया है। इसमें कहा है कि सूचना दिए बिना वे गांवों में नहीं आएं। ड्रोन भी न उड़ाएं। मणिपुर हिल एरियाज विलेज अथॉरिटी एक्ट, 1956 के तहत गांवों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी विलेज अथॉरिटी के पास है। तलाशी, गश्ती, छापेमारी, गिरफ्तारी से पहले विलेज अथॉरिटी को बताना जरूरी है। इम्फाल में सोमवार को 14 नागरिक संगठनों की महिलाओं ने 5 चरूतक महारैली निकाली। ह्त्रश्ष्ट कराने और घुसपैठियों की पहचान कर बाहर करने की मांग को लेकर हजारों महिलाएं सड़कों पर उमड़ीं। मणिपुर में जारी हिंसा-तनाव की वजह से बड़ी संख्या में लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। आरटीआई से मांगी गई जानकारी में सामने आया है कि तीन साल में 731 विस्थापित अपनी जान गंवा चुके हैं। चूराचांदपुर में सबसे ज्यादा 248, बिष्णुपुर में 151 और कंग्पोक्पी में 128 मौतें दर्ज हुई हैं। जबकि राज्य के 9 जिलों में अभी भी 43,676 लोग विस्थापित हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।